न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, कोटा

पीठासीन अधिकारी : हरि मोहन मीना, आई0ए0एस0

GCMS No. 2022/ 30 (Bank Case)

Manual no- 20 /2022

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड" (जो पूर्व में "ए.यू. फाईनेन्सर्स इण्डिया लिमिटेड" के नाम से जाना जाता था) जिसका पंजीकृत कार्यालय–19–ए, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 राजस्थान में स्थित है।

– प्रार्थी /सिक्योर क्रेडिटर

बनाम

1. श्री श्याम मनोहर विजय पुत्र श्री सत्यनारायण विजय (ऋणी / बंधककर्ता)
   पता– 1240, मोती कुंआ, तहसील पीपल्दा, इटावा, जिला कोटा राजस्थान
2. मेहिनी विजयवर्गीय पत्नी सत्यनारायण (सहऋणी)
   पता– 1240, मोती कुंआ, तहसील पीपल्दा, इटावा, जिला कोटा राजस्थान
3. उर्मिला विजय पत्नी श्री श्याम मनोहर (सहऋणी)
   पता– 1240, मोती कुंआ, तहसील पीपल्दा, इटावा, जिला कोटा राजस्थान

– अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूमि हित प्रवर्तन अधिनियम 2002

उपस्थितः–

श्री कुलदीप सिंह जादौन, अभिभाषक प्रार्थी

आदेश

दिनांकः 17/08/.2022

संक्षेप मे प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी " एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड" (जो पूर्व में "ए.यू. फाईनेन्सर्स इण्डिया लिमिटेड" के नाम से जाना जाता था) जिसका पंजीकृत कार्यालय–19–ए, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 राजस्थान में स्थित है, से अप्रार्थीगण ने प्रार्थी वित्तीय संस्था से दिनांक 05.05.2014 को 5,00,000/– (अक्षरे पाच लाख रूपये मात्र) का ऋण लिया था। अप्रार्थी ने ऋण व उसके मय ब्याज के पुनर्भुगतान हेतु सिक्योरिटी के रूप मे बंधक अचल सम्पत्ति **श्री श्याम मनोहर विजय पुत्र श्री सत्यनारायण विजय की सम्पत्ति प्लॉट नं. 19, खसरा नं. 2803/2840, ग्राम इटावा, तहसील पीपल्दा, जिला कोटा राजस्थान में स्थित है, जिसका कुल क्षैत्रफल 1600 वर्ग फीट है जोकि जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 21.06.2006 से श्रीमति उर्मिला विजयवर्गीय पत्नि श्याम मनोहर के नाम है। जिसकी चर्तु सीमाए– पूर्व में– यशोदा बिडला ढीपरी चम्बल का गोदाम, पश्चिम में– स्वयं विक्रेता की भूमि के भू–खण्ड, उत्तर में– आम रास्ता, दक्षिण में– यशोदा बिडला ढीपरी चम्बल की भूमि जो अल्लानूर से क्रय की है,** को प्रार्थी वित्तीय संस्था के पक्ष में गिरवीकृत किया गया था। अप्रार्थीगण ने नियमित रूप से प्रार्थी का उक्त ऋण का भुगतान नहीं कर सका और ऋण के भुगतान में व्यक्तिक्रम व डिफाल्ट होने पर प्रार्थी वित्तीय संस्था द्वारा अप्रार्थीगण के खाते को दिनांक 15.01.2021 को एन.पी.ए. कर दिया गया। अप्रार्थी द्वारा उसके खाते मे 2,86,815/– (अक्षरे दो लाख, छियासी हजार आठ सौ पन्द्रह रूपये मात्र) बकाया रकम दिनांक 07.07.2021 तक शेष देय है व दिनांक 08.07.2021 से आगे की बकाया राशि मय ब्याज व खर्चे पूर्णभुगतान करने तक के लिए अप्रार्थीगण जिम्मेदार है। प्रार्थी वित्तीय संस्था ने उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थीगण को दिनांक 10.07.2021 को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भी

जिला मजिस्ट्रेट
कोटा (राज0)

अप्रार्थीगण को प्रेषित किया गया। नोटिस का हिन्दी समाचार पत्र राष्ट्रदूत एवं अंग्रेजी समाचार पत्र दी इण्डियन एक्सप्रेस में दिनांक 17.08.2021 में प्रकाशन भी कराया, नोटिस प्राप्ति के बावजूद बन्धकर्ता ने ऋण राशि मय ब्याज चुकाने मे चूक की है। ऋणी द्वारा बंधक सम्पत्ति का कब्जा भी प्रार्थी वित्तीय संस्था को नही संभलाया है। प्रार्थी वित्तीय संस्था द्वारा The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 की धारा 14 के तहत उपरोक्त खाते मे देय राशि के पुर्नभुगतान हेतु रहनशुदा सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी बैंक को जरिये पुलिस इमदाद संभलाने के लिये यह प्रार्थना पत्र जरिये अभिभाषक प्रस्तुत किया गया ।

अभिभाषक प्रार्थी को सुना गया। अभिभाषक प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रकट किया कि अप्रार्थीगणों ने उनके खाते मे देय ऋण राशि मय ब्याज की राशि के भुगतान हेतु उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत दिनांक 10.07.2021 को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भी अप्रार्थीगण को प्रेषित किया गया। नोटिस का हिन्दी समाचार पत्र राष्ट्रदूत एवं अंग्रेजी समाचार पत्र दी इण्डियन एक्सप्रेस में दिनांक 17.08.2021 में प्रकाशन भी कराया, नोटिस प्राप्ति के बावजूद बन्धकर्ता ने ऋण राशि मय ब्याज चुकाने मे चूक की है। अतः उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी वित्तीय संस्था को या उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति को दिलवाने का आदेश फरमाते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जावे ।

हमने बहस पर मनन किया एवं पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया। प्रार्थी वित्तीय संस्था द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के दिनांक 10.07.2021 को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भी अप्रार्थीगण को प्रेषित किया गया। नोटिस का हिन्दी समाचार पत्र राष्ट्रदूत एवं अंग्रेजी समाचार पत्र दी इण्डियन एक्सप्रेस में दिनांक 17.08.2021 में प्रकाशन भी कराया, नोटिस प्राप्ति के बावजूद बन्धकर्ता ने ऋण राशि मय ब्याज चुकाने मे चूक की है। अतः प्रार्थी बैंक द्वारा The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है ऋणी/ बंधककर्ता **श्री श्याम मनोहर विजय पुत्र श्री सत्यनारायण विजय की सम्पत्ति प्लॉट नं. 19, खसरा नं. 2803/2840, ग्राम इटावा, तहसील पीपल्दा, जिला कोटा राजस्थान में स्थित है, जिसका कुल क्षैत्रफल 1600 वर्ग फीट है जोकि जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 21.06.2006 से श्रीमति उर्मिला विजयवर्गीय पत्नि श्याम मनोहर के नाम है। जिसकी चर्तु सीमाए– पूर्व में– यशोदा बिडला ढीपरी चम्बल का गोदाम, पश्चिम में– स्वयं विक्रेता की भूमि के भू–खण्ड, उत्तर में– आम रास्ता, दक्षिण में– यशोदा बिडला ढीपरी चम्बल की भूमि जो अल्लानूर से क्रय की है,** का भौतिक कब्जा प्रार्थी वित्तीय संस्था द्वारा जरिये संबंधित पुलिस थाना इमदाद प्राप्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त सम्पत्ति का कब्जा दिलाने हेतु पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों के वेतन भत्ता व यात्रा व्यय आदि का भुगतान नियमों मे देय है तो संबंधित वित्तीय संस्था द्वारा वहन किया जायेगा। आदेश की प्रति प्रार्थी वित्तीय संस्था, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कोटा को हस्ब कायदा जारी हो। सम्पत्ति के स्वामित्व अथवा कब्जे को लेकर किसी भी तरह का विवाद होने की स्थिति मे यह आदेश क्रियान्वित ना कर विवाद के संक्षिप्त विवरण सहित इस न्यायालय को लौटाया जावे।

आदेश आज दिनांक 17/07/.2022 को सुनाया गया।

(हरि मोहन मीना)
जिला मजिस्ट्रेट, कोटा

जिला मजिस्ट्रेट
कोटा (राज०)